दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 126 | छतरपुर, सोमवार 02 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव संकल्पित - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### -मुख्यमंत्री डॉ यादव की विदेश यात्रा प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी
### -उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सफल विदेश यात्रा पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दी बधाई

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की और उनके सफल ब्रिटेन एवं जर्मनी दौरे के लिए बधाई दी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दौरा प्रदेश में निवेश आकर्षित करने और मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भूमि, बिजली और कर संबंधी सुविधाएं दी हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और उद्योग हब विकसित किए हैं। हर क्षेत्र के विकास के लिए वहां की विशेषताओं और क्षमता का पूरा उपयोग करने की रणनीति बनाई है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्वास जताया कि यह यात्रा मध्यप्रदेश में निवेश का नया युग शुरू करेगी। यह प्रदेश के अद्वितीय विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश समग्र विकास के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। प्रदेश में क्षेत्रीय क्षमताओं और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए ठोस योजनाएं बनाई जा रही हैं। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार ने उद्योग-अनुकूल नीतियां लागू की हैं और व्यापार सुगमता (ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस) को प्राथमिकता दी है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश आज निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। हमने न केवल निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, बल्कि प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को रोजगार के नए अवसरों में तब्दील करने का लक्ष्य रखा है। यह प्रदेश की प्रगति को नया आयाम देगा और युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित करेगा उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस यात्रा के दौरान ब्रिटेन और जर्मनी के विभिन्न निवेशकों और औद्योगिक संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। निवेशकों ने मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नीतियों, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और उद्योगों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की।

## प्रेम विवाह से नाराज मामा ने युवक को मारी गोली

छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के कैड़ी तिराहा पर एक युवक को गोली मार दी गयी जो उसके पैर में लगी है। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक ने एक लड़की से अंतरजातीय विवाह किया था। इस विवाह से लड़की के परिजनों के साथ-साथ मामा भी नाराज था। इसी नाराजगी के चलते मामा ने युवक को गोली मार दी है जो उसके पैर में लगी है। घटना के संबंध में ओरछा रोड थाने में जानकारी चाही गयी तो उन्होंने बताया कि कार्रवाई चल रही है।

## चन्द्रपुरा में भारी मात्रा में नकली खाद का भंडार जप्त, तीन गिरफ्तार

### कृषि विभाग करेगा आगे की कार्रवाई




छतरपुर। किसानों की मजबूरी और जिले में व्याप्त खाद की कमी का लाभ लेने की मंशा से इन दिनों कुछ मुनाफाखोरों द्वारा जिले में नकली खाद का कारोबार किया जा रहा है। हालांकि कलेक्टर ने ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते लगातार कार्रवाईयां भी हो रही हैं। रविवार की शाम जिला मुख्यालय से लगे ग्राम चंद्रपुरा में सिविल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में नकली खाद का भंडार जप्त किया है। संभवत- यहां नकली बनाकर सप्लाई की जा रही थी। मौके पर मिलीं खाद की बोरियों को जप्त कर पुलिस ने कृषि विभाग के अधिकारियों को बुलाया, जिनके द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा में फोरलेन के पास मौजूद एक घर में नकली खाद बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में संबंधित मकान पर दबिश दी गई, जहां खाद की करीब 250 बोरियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि जप्त खाद की बोरियों में कुछ का रंग हरा है जबकि कुछ बोरियां सफेद रंग की हैं। मौके पर कुछ खुली हुई बारियां भी मिली हैं, जिससे संदेह हो रहा है कि यहां नकली अथवा मिलावटी खाद तैयार की जा रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया है, जो मामले की अग्रिम विवेचना करेंगे।

## जेल से छूटे अपराधी ने वृद्ध दुकानदार पर चढ़ाई कार, पुत्र एवं पत्नी के साथ की मारपीट

### गुटखा उधार न देने पर दिया घटना को अंजाम

छतरपुर। बड़ामलहरा में बीती शाम करीब साढ़े 7 बजे जेल से छूटे एक आदतन अपराधी द्वारा एक वृद्ध दुकानदार के पुत्र से उधार गुटखा मांगा गया और जब लड़के ने उधारी करने से मना किया तो अपराधी ने न केवल पूरे परिवार के साथ मारपीट की बल्कि वृद्ध दुकानदार के ऊपर कार भी चढ़ा दी। मारपीट में वृद्ध दुकानदार सहित सहित उसकी पत्नी और दोनों पुत्र घायल हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद से आरोपी लगातार पीड़ित परिवार को फोन लगाकर धमकी दे रहा है, जिस कारण से पूरा परिवार दहशत में है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा निवासी 60 वर्षीय रामकृपाल अग्रवाल नगर के घुवारा तिराहा पर चाय-गुटखा की दुकान संचालित करता है। बीती शाम वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दुकान पर था तभी हाल ही में जेल से बाहर आया नगर का आदतन अपराधी मंजू पटैरिया अपनी कार से उसकी दुकान पर पहुंचा और रामकृपाल के पुत्र रोहित अग्रवाल से उधार गुटखा मांगा। जब रोहित ने उधारी करने से मना किया तो मंजू पटैरिया नाराज होकर उसे पीटने लगा। इसके बाद जब रोहित को बचाने के लिए रामकृपाल, उसकी पत्नी अंजना और दूसरा पुत्र अनूप पहुंचा तो आरोपी ने उन्हें भी पीटा। आरोपी यहीं नहीं रुका मारपीट करने के बाद उसने रामकृपाल के ऊपर अपनी कार चढ़ा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। मारपीट में रामकृपाल के हाथ-पैर और पत्नी अंजना का हाथ फ्रैक्चर हुआ है, जबकि दोनों पुत्र रोहित और अनूप घायल हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित अग्रवाल परिवार ने बड़ामलहरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद से आरोपी मंजू पटैरिया द्वारा लगातार फोन लगाकर पीड़ित परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।



# किडजी प्री स्कूल खजुराहो में सेलीब्रेट किया गया एनुअल डे

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। किडजी प्री स्कूल खजुराहो मे एनुअल डे सेलीब्रेट किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया एंव विशिष्ट अतिथि के रूप में चारू उदासी जी अकादमी मैनेजर जी लर्न ग्रुप उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये लेजी डांस किया और बच्चों सभी ने खूब इंजाय किया। सोशल मीडिया ड्रामा द्वारा बच्चो ने पेरेंट से टाइम देने के लिए कहा साथ ही मोवाइल से निकलकर उनके साथ समय बिताए नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सभी बच्चों ने खूब इंजॉय किया और सभी का का मन मोह लिया । और सभी बच्चों को अप्रिशिएसन अवार्ड दिया गया। साथ ही प्रिंसिपल और टीचर्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया अभिभावकों द्वारा एक्टिविटी की गई और अभिभावकों ने खूब इंजॉय किया।




इस कार्यक्रम में किड्स जी प्री स्कूल की डायरेक्टर सविता भार्गव, सनशाइन डायरेक्टर नितिन भार्गव किडजी प्रिंसीपल नमिता श्रीवास्तव सुषमा तिवारी, नीति सिंह, आहुति, सृष्टि , सोनाली, आकृति, अंजना, महिमा, राधिका, साक्षी, आर्यांश, जय, पार्थ, एवं समस्त अभिभावक , गढ़ मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जागरूकता अभियान में बालिकाओं व महिलाओं को दी गई समझाईश

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। भारत सरकार द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाई जा रहे हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्थानीय शासकीय माध्यमिक शाला में संस्था में अध्यनरत बालिकाओं और अन्य महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उन्हें घरेलू हिंसा, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं वन स्टाफ केंद्र की जानकारी दी गई। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान समझाइए दी गई की समस्त बालिकाएं जागरूक हो और अपने अधिकारों को समझें।उनको बताया गया कि यदि आपके साथ कोई घटना घटित होती है तो इसकी जानकारी सबसे पहले अपने घर में जरूर दें। यदि आपको लगता है कि आपकी बात घर में नहीं सुनी जा रही है तो अपने टीचर्स को बताएं। इसके अलावा आप आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी अपनी बात बता सकते हैं।कार्यक्रम में मौजूद एडवोकेट बीरेंद्र सोनी ने बालिकाओं को लिंग एवं जेंडर के अंतर को भी समझाया गया लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 2019 में होने वाले परिवर्तन के बारे में बात की गई। श्री सोनी ने बालिकाओं को बताया कि इसमें मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान है। इसमें बालको से अभिप्राय 18 वर्ष से कम उम्र के बालक या बालिका दोनों हो सकते हैं इससे भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में युवा सरपंच भूपेंद्र यादव, एडवोकेट बीरेंद्र सोनी, संस्था प्रमुख रामकुमार पाल,अधिक्षिका नीलम अहिरवार,पंडित अशोक नायक महा विद्यालय गौरिहार के संचालक गोपाल कृष्ण नायक, गिरिजा शंकर अनुरागी, दीपराज गुप्ता सहित संस्था की बच्चियां व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



# संगीतमय श्रीमद् भागवत आज से

## 3 बजे प्रारंभ होगी कलश यात्रा

छतरपुर । एक सप्ताह तक चलने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से चेतगिर कॉलोनी में हनुमान जी के मंदिर के सामने होने जा रही है। कथा वाचक पं. भगवती प्रसाद कौशिक अपनी अमृतमयी वाणी द्वारा कथा का वाचन करेंगे। कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। कलश यात्रा सोमवार को दोपहर 3 बजे चेतगिर मंदिर से प्रारंभ होगी। जो जवाहर मार्ग, चेतगिर कॉलोनी तथा सीताराम कॉलोनी के मुख्य मार्गो से गुजरेगी। कलश यात्रा पश्चात श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आचार्य श्री द्वारा किया जाएगा। जिसमें श्रीमद्भागवत माहात्म्य, ज्ञान वैराग्य भाक्ति चरित्र, धुन्धकारी उद्धार, श्री शुकदेव जी का प्राकट्य तथा परीक्षित जन्म की कथा होगी। सभी कथा प्रेमियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हुए कथा का आनंद उठाएं।



# बकस्वाहा में गूंज उठी नई क्रांति- बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ, बेटियां होंगी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर!

## मध्य प्रदेश का ऐतिहासिक कदम- महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक और मजबूत पहल




**विनोद कुमार जैन**

बकस्वाहा। मध्य प्रदेश सरकार ने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले %हम होंगे कामयाब% अभियान का आगाज किया गया है, जो राज्यभर में महिलाओं के लिए समानता और अधिकारों की ओर एक बड़ी पहल है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में जागरूक करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

बकस्वाहा के शासकीय महाविद्यालय में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी हेमलता ठाकुर ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा, बाल विवाह सिर्फ एक कानूनी अपराध नहीं है, यह लड़कियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सामवेदी ने इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और महिला हेल्पलाइन (181) की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इन हेल्पलाइनों के जरिए छात्राएं और महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।

साथ ही, डॉ. सामवेदी ने भारत में लिंगानुपात के असंतुलन पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की, जहां प्रति 1000 पुरुषों पर केवल 940 महिलाएं हैं। यह असंतुलन न केवल समाज के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इसके समाधान के लिए महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी हेमलता ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण शपथ दिलाई, जब बेटियां सशक्त होंगी, तो समाज मजबूत होगा। हमें बेटियों को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना होगा, तभी हम देश को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं।

इस ऐतिहासिक अवसर पर बकस्वाहा ब्लॉक को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हर प्रकार की हिंसा को समाप्त करने और उन्हें एक सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प पूरे उत्साह और विश्वास के साथ लिया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार पटेल, डॉ. मनोज चौरसिया, डॉ. शिवम शुक्ला, अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह, अंकुश जैन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल को समर्थन दिया।

अब बकस्वाहा में बाल विवाह के खिलाफ यह जागरूकता फैलाने का अभियान एक नए युग की शुरुआत है, जहां महिलाएं न केवल अपने अधिकारों से लैस होंगी, बल्कि अपने भविष्य को भी अपने हाथों में सुरक्षित रखेंगी।

# छलांग अभियान के तहत विद्यालयो में सम्पन्न हुई खेल प्रतियोगिताएं

**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन तथा पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रावधान में ऋषिकुल आश्रम द्वारा गौरिहार व लवकुशनगर ब्लॉक के पच्चास शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में छलांग अभियान के तहत निरंतर बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहन किया जा रहा है। संस्था द्वारा स्थानीय कम्युनिटी एवं शिक्षकों के सहयोग से खेल मेलों के आयोजन किये जा रहे हैं। संस्था में पदस्थ खेल प्रशिक्षक शुभम शुक्ला ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यह है कि,किस प्रकार बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूती मिले जिससे वह मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक क्षेत्र में कुशल नेतृत्व हेतु क्षमतावान बन सके। संस्थाओं द्वारा जहां बच्चों को वर्ष भर खेल गतिविधियों में जोड़कर रखा जाता है,वहीं उनकी क्षमताओं को बढ़ावा के लिए समय-समय पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। छलांग कार्यक्रम के तहत दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन तथा पीरामल फाउंडेशन के सहयोग तथा मार्गदर्शन में ऋषिकुल आश्रम द्वारा स्थानीय स्तर पर खेल मेलों के आयोजन किये जा रहे हैं।




कार्यक्रमों में जहां विद्यालयों के शिक्षकों का सहयोग मिलने के साथ ही स्थानीय कम्युनिटी का भी सहयोग मिल रहा है।जिसके फलस्वरूप बच्चों के शारीरिक विकास में निरंतर स्थानीय स्तर पर सहयोग मिल रहा है । उक्त अभियान के तहत गौरिहार ब्लॉक के पच्चीस शासकीय माध्यमिक विद्यालयों व लवकुशनगर ब्लॉक के पच्चीस माध्यमिक विद्यालयों में बीते रोज खेल मेला आयोजित किए गए।खेल मेलों के आयोजन में छलांग टीम के साथी वेद प्रकाश सिंह, आकाश लुगुन, विनय दाहिया सहित स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक देवेंद्र कुमार,फील्ड कोऑर्डिनेटर अनादि प्रकाश, शुभम शुक्ला,प्रियंका द्विवेदी, रविंद्र कुमार, द्वारा स्थानीय वॉलिंटियर्स, कम्युनिटी मेंबर्स एवं शिक्षकों के सहयोग से खेल मेलों में विविध खेल गतिविधियों के आयोजन लगातार किये जा रहा है।

# बालाजी वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन (अधिष्ठाता) पद प्रभार डॉ अशोक यादव के नियुक्त होने पर सेवा समर्पण श्री बालाजी वेलफेयर सोसायटी द्वारा सम्मानित किया ।

संस्था के राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि ब्लड बैंक के डायरेक्टर,एम वाय अस्पताल के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक कुशल प्रशासक प्रोफेसर डॉक्टर अशोक यादव को महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता बनने पर सेवा प्रकल्प स्थल पर दीप प्रज्वलित करा कर स्वागत व सम्मानित किया । इस अवसर पर संस्था के साथियों ने हार्दिक बधाई मंगलमय शुभकामनाएं ।



# 500 से अधिक पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार जनो का हुआ स्वास्थ परीक्षण




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन सागर कैंपस में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ परीक्षण किया गया।

सुनील कुमार जैन, उप पुलिस महानिरीक्षक सागर, विकाश कुमार शाहवाल , पुलिस अधीक्षक जिला सागर एवं संजीव कुमार उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना जिला सागर के मार्गदर्शन में डॉ0 राय अस्पताल मकरोनिया सागर के मैंनेंजिंग डायरेक्टर श्री आकाश बजाज से समन्वय बनाकर संभाग का पहला NABH मान्यता प्राप्त पुलिस हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम (क्क।क्क्र) योजना से डॉ0 राय अस्पताल सागर के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क इलाज / जाँच केम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर (1) मेडीसिन विभाग में डॉ. प्रतीक पटेरिया एवं डॉ. राहुल मुखारिया (2) रीढ़ एवं मस्तिष्क रोग विभाग में डॉ. प्रवीण होलकर (3) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग में डॉ. संतोष राय (4) बाल्य एवं शिशु रोग विभाग में डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान (5) मूत्र एवं किडनी रोग विभाग में डॉ. हर्षल मेश्राम (6) टीवी, दमा एवं छाती रोग विभाग में डॉ. अखिलेश जैन (7) नाक, कान एवं गला रोग विभाग में डॉ. राहुल खांडेकर (8) पेट एवं उदर रोग विभाग में डॉ. राजेश पटेल (9) हृदय रोग विभाग में डॉ. राकेश टीकादर (10) हड्डी एवं घुटना प्रत्यारोपण रोग विभाग में डॉ. अखिलेश जैन (11) कैंसर रोग विभाग में डॉ. विजय कोन्थम (12) बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डॉ. मनीष राय (13) प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में डॉ. अनुभा महेश्वर (14) नेत्र रोग विभाग में डॉ. वन्दना डेका (15) ईसीजी, सोनोग्राफी, 2ष्ठ ईको, विभाग में डॉ. दीपक सिंह (रेडियो लॉजिस्ट) उपस्थित आये। जिनके द्वारा पुलिस विभाग के करीब 500 से अधिक पुलिस कर्मी एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ परीक्षण कैंप में सभी तरह की टेस्ट जैसे इको,ईसीजी, सोनोग्राफी आदि निशुल्क किए गए है इस अवसर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 500 से अधिक शहर एवं देहात थानों में पदस्थ ,तथा पुलिस लाइन में निवासरत पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया । रक्षित निरीक्षक श्री नीतेश वायकर ने बताया जिन पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार जनो को अन्य टेस्ट ,या इलाज की आवश्यकता होगी राय अस्पताल में जाकर भी करवाने की व्यवस्था करेंगे।

डॉ राय हॉस्पिटल के 62 प्रशिक्षित स्टाफ कैंप में उपस्थिति रहे जिसमें डायरेक्टर डॉ संतोष राय एवं अन्य सभी डॉक्टर एवं सहायक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ महेश गोस्वामी, डॉ यू एस तिवारी, नर्सिंग स्टाफ कुंती साहू सहायक स्टाफ पंकज नामदेव , भावना , मार्केटिंग हेड हीरेन्द्र सिंह तोमर, उमेश रैकवार ,बाबूलाल अहिरवार , आलोक खरे पीआरओ डॉ राय हॉस्पिटल उपस्थित रहे।

# बीना पुलिस ने किए फरार चार आरोपी गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास सहित घर मे घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/पुलिस अधीक्षक सागर विकाश सहवाल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ संजीव उईके अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना नितेश पटेल एवं थाना प्रभारी अनूप यादव के नेतृत्व मे गंभीर अपराध मे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। बीना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अप. क्र. 398/2024 धारा 294,307,34 भादवि 3(1)द,ध, 3(2)(V) एस.सी./एस.टी एक्ट मे दिनांक 27.06.2024 को फरियादी अमन पिता सुरेश अहिरवार





उम्म्र 20 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड बीना के साथ डब्बू सेन,अभिषेक अहिरवार और उसके तीन साथियो के साथ मिलकर पुरानी बुराई पर से जान से मारने की नियत से कट्टे से फायर कर गोली मारी जो अमन अहिरवार को सीने के पास होकर गुजरी जो फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त घटना डब्बू उर्फ रोहन पिता मनोज सेन उम्र 26 साल निवासी ग्राम बिलगैंया वार्ड बीना, अभिषेक पिता सुरेश अहिरवार उम्र 22 साल निवासी भीमवार्ड, शैलू उर्फ शैलेन्द्र पिता विष्णु प्रसाद यादव उम्र 22 वर्ष नि. सुभाष वार्ड बीना,अंशू उर्फ अंश पिता गब्बर राय उम्र 20 साल निवासी बिलगैंया वार्ड बीना को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था पांचवा आरोपी रोहन खत्री घटना दिनांक से फरार था ।प्रकरण की विवेचना एस डी ओ पी बीना नीतेश पटेल द्वारा की जा रही। दौराने विवेचना फरार आरोपी रोहन खत्री नि. मिशन कम्पाउंड खुरई को गिरफ्तार किया गया ।

हत्या का प्रयास - अप. क्र. 440/2024 धारा 296,109,191(2),191(3),190 बी.एन.एस. 3(1)द,ध, 3(2)(V) एस.सी.एस.टी एक्ट दिनांक 13.07.2024 को सिरोठिया गेट के पास खिरिया वार्ड बीना मे फरियादी अमन अहिरवार को जान से मारने की नीयत से आरोपी डब्बू सेन, अभिषेक पिता गोरलाल अहिरवार,आकाश अहिरवार, अभिषेक अहिरवार,रोहन खत्री, छोटू पाल पुन: गोली मारी जो फरियादी के सीने मे वायी तरफ लगी।प्रकरण की विवेचना एस डी ओ पी बीना नीतेश पटेल द्वारा की जा रही। दौराने विवेचना फरार आरोपी रोहन खत्री नि. मिशन कम्पाउंड खुरई को गिरफ्तार किया गया है । हत्या का प्रयास ङ्क अप.क्र. 482/24 धारा ङ्क 109, 3(5) बीएनएस मे दिनांक ङ्क 10/08/24 को फरियादी आशीष पिता स्व. संतोष गुरू उम्र 35 वर्ष नि. आंचवल वार्ड बीना के साथ आरोपी सुरेन्द्र उर्फ मोनू दुबे,साहिल खान,अनस खान ने फरियादी पर जान लेवा हमला किया जिसमे आरोपियों द्वारा फरियादी के पेट मे तलावरों से गंभीर चोट पहुंचाई रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। घटना दिनांक से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे । प्रकरण की विवेचना उनि लखन राज द्वारा की जा रही है। दौराने विवेचना फरार आरोपी मोनू उर्फ सुरेन्द्र पिता रमेश कुमार दुबे उम्र 40 वर्ष नि. आंचवल वार्ड बीना को गिरफ्तार किया गया । 4- घर मे घुस कर की मारपीट अप.क्र. 710/24 धारा 331(6),296,115(2),351(3),324 (2), 3(5) बीएनएस मे फरियादी नरेश पटेल नि. साँईधाम कॉलोनी बीना के घर मे घुस कर आरोपी दिनेश यादव, अल्लू उर्फ अलमदार मुसलमान नि. प्रताप वार्ड बीना ने फरियादी के साथ मारपीट की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की विवेचना उनि. शेलेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही है। दौराने विवेचना फरार आरोपी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किये गए आरोपियों के नाम रोहन उर्फ रोशन पिता मंगल सिहं खत्री उम्र 26 वर्ष निवासी मिशन कंपाउण्ड सहोद्राबाई राय वार्ड खुरई थाना खुरई ग्रामीण जिला सागर म.प्र. मोनू उर्फ सुरेन्द्र पिता रमेश कुमार दुबे उम्र 40 वर्ष नि. आंचवल वार्ड बीना दिनेश यादव पिता श्रीपत यादव उम्र 37 साल निवासी प्रताप वार्ड बीना अल्लू उर्फ अलमदार पिता करीम खान उम्र 22 साल निवासी प्रताप वार्ड बीना जिला सागर सराहनीय कार्य थाना प्रभारी बीना निरीक्षक अनूप यादव, लखन लाल राज, कविता द्विवेदी,शैलेन्द्र सिंह, चंद्रभान सिंह राजपूत, गौतम भट्ट, सुरेन्द्र परिहार,देवेन्द्र यादव,जाहर यादव, जितेन्द्र धाकड, संदीप यादव,अमनदीप,राहुल बरैया, राजेन्द्र चौहान,जितेन्द्र चंद्रवंशी, दीप सिंह भदौरिया,सतीश शर्मा, जगदीश,चायना देवलिया की सराहनीय भूमिका रही।

# कलश यात्रा के साथ हुआ महंत विपिन बिहारी जी की तीखी वाणी में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**श्रीराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। अनंतपुरा देवरी। जिला सागर के देवरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांधी ग्राम अनंतपुरा में महंत श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज की ओजस्वी तेजस्वी तीखी की वाणी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के माध्यम से किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए और ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। कथा के मुख्य यजमान आयोजक पूर्व सरपंच लखन लाल साहू ने बताया कि अनंतपुरा के खेर माता मंदिर की पावन भूमि पर कथा वाचन विद्वान बुंदेली भाषा में कथा करने वाले श्री श्री 108 श्री पंडित विपिन बिहारी जी महाराज के मुखारविंद से तीखी वाणी में श्रीं मद भागवत कथा का वाचन होगा। इस कथा में भागवत रस बरसेगा



आसपास के ग्रामीण क्षेत्र एवं देवरी विधानसभा के साथ-साथ आसपास के विधानसभाओं और संपूर्ण सागर जिले के साथ बुंदेलखंड में महंत जी के हजारों की संख्या में शिष्य और भक्त हैं जो उनकी कथा के अनुरागी है समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ सज्जनों माता बहनों से निवेदन है।

# चाकू से हमला कर मारपीट करने वाले आदतन आरोपी को किया गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दिनाँक 01.11.2024 को फरियादी श्याम पिता रमेश खटीक उम्र 32 साल नि0 कांच मंदिर मछरयाई सागर ने रिर्पोट लेख कराई कि दिंनाक 01.11.2024 के रात करीब 12.15 बजे की बात है मैं फल फूट का ठेला लगाता हू अपने घर पैदल जा रहा था जैसे ही कांच मंदिर के पास ग्यादीन तिग्गडा पहुंचा तो मेरे पीछे से एक मोटरसाईकिल तेज गति से हॉर्न बजाते हुये वाये तरफ से आ रही थी जैसे ही मैं पीछे तरफ मुडा तो मोटरसाईकिल पर बैठे हुये एक व्यक्ति ने मेरे गाल पर धारदार हथियार से मारा जिससे



मेरा बाया गाल कट गया खून निकलने लगा। मोटरसाईकिल शीतला माता मंदिर तरफ गई अंधेरा होने से गाडी का प्लेट नंबर नही देख सक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क 1210/2024 धारा 118 (1) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। दौरान विवेचना प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग-दर्शन में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाकर प्रभावी कार्यवाही करते हुये फरियादी के बताये अनुसार हुलिया के आधार पर मुखविर की सूचना के आरोपी हेंमत पिता बबलू अहिरवार उम्र 28 साल नि0 ग्यादीन तिग्गडा विवेकानंद वार्ड सागर को को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को पेश करने पर जप्ती की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति हैं जिनके विरूद्ध विभिन्न अपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं जिनका विवरण निम्नानुसार है- सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम. निरी. जसवंत राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर . प्रआर नदीम शेख . प्रआर प्रमोद बागरी . आर चंदन बिल्थरे . आर नेकराम. आर प्रेम कुमरे।

# केन्द्रीय जेल सागर के मुख्य पहरी श्रीराम कुड़ेरिया को सेवानिवृत्त होने पर शाल श्रीफल एवं प्रशंसा पत्र देकर किया गया सम्मानित

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। केंद्रीय जेल सागर में कार्यरत प्रमुख मुख्य पहरी श्रीराम कुडेरिया, अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए है। उनहे जेल अधीक्षक मानेंद्र सिंह परिहार ने शाल श्रीफल और प्रशंसा पत्र देकर सेवानिवृत्ति की बधाई दी , गौर तलब है कि श्रीराम कुड़ेरिया अपने सेवाकाल में जेल में सजायाफ्ता बंदी भाइयों को हमेशा श्री राम के आदर्शो पर चलने की और कभी भी बुरे कार्य न करने की हिदायत देते रहते थे श्रीराम कुड़ेरिया




जेल में हो रहे धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाते थे, केन्द्रीय जेल सागर में हुए विदाई समारोह में उनके साथ कार्यरत सहकर्मियों और अन्य अधिकारियों ने उन्हें आगामी भविष्य की सुभकामनाये देकर उन्हें विदा किया।

## स्कूल शौचालय दीवार गिरने का मामला-

# डीपीसी की कार्यशैली पर उठे सवाल, स्कूलों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन....?

## अधिकारियों और शिक्षकों की लापरवाही पर डाला जाता पर्दा

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। अधिकांश विभागों में सामने आने वाली खामियों के दौरान जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधने के साथ ही लीपा पोती करने में जुट जाते हैं। दोषियों को बचाने और खामियों पर पर्दा डालने के कारण ही यहां के कार्यालयों में कई दशकों से जमें लापरवाह अधिकारियों की मनमानी बदस्तूर जारी बनी हुई है। अधिकारी है कि मीडिया एवं जनप्रतिनिधियों के फोन तक उठाना उचित नहीं समझते हैं। यहां के निरंकुश प्रशासन और उसके अधिकारियों की मनमानी पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। प्रदेश सरकार जहां सुविधाओं के नाम पर लाखों करोड़ों रूपए पानी की तरह बहाने में लगे हैं, वहीं अधिकारी कमीशनखोरी और सांठगांठ के चलते योजनाओं पर पानी फेरने पर आमादा है। यदि स्कूल शौचालय की दीवार गिरने के मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, तो जिला प्रशासन के कई जिम्मेदार अधिकारी नपते नजर आएंगे। यहां शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की जिम्मेदारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां जिला कलेक्टर घायल बच्चों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, वहीं शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मानवीय संवेदनाएं शून्य नजर आती हैं। जिला मुख्यालय पर ही उन्होंने घायलों को देखना उचित नहीं समझा और विभाग की खामियों को डीपीसी एवं डीईओ अपनी-अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। यदि लोगों की बात पर भरोसा करें तो शिक्षा विभाग में ओडी पर कई शिक्षक-शिक्षकाएं आज भी लगी हुई हैं। कई शिक्षक तो जिले में ऐसे हैं, जिन्होंने स्कूलों का मुंह नहीं देखा। अनेक महत्वपूर्ण विभागों में अपनी पहुंच के चलते आज भी लगे हुए हैं। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के हाल यह हैं कि आला अधिकारियों को मध्यान्ह भोजन एवं सरकारी बजट की राशि से ही सरोकार है। भ्रष्टाचार और धांधली का केन्द्र बनते जा रहे इस विभाग में लापरवाही और कमीशनखोरी का बोलबाला है। बीएसी, डीपीसी व अन्य कर्मचारी स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी से बेखबर बने हुए हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। कई वरिष्ठ अधिकारी तो ऐसे हैं, जो दफ्तरों में टहलने और तफरी करने आते हैं। बच्चों के हितों की अनदेखी करने वाले ऐसे आला अधिकारियों को हटाए बिना यहां के हालात सुधरना संभव नहीं हैं। बताया गया है कि बीते रोज लिधौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोटेड के एक शासकीय स्कूल के शौचालय की दीवार गिरने से चार बच्चे दब गए थे। इन बच्चों को गंभीर चोटे आईं। लिधौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद इन घायल बच्चों को जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में भर्ती किया गया है। टीकमगढ़ जिले के लिधौरा तहसील के शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन बस्ती ग्राम पंचायत गोटेट में बीते रोज 30 नवम्बर को अचानक उस समय अफ रा-तफ री मच गई। जब स्कूल के शौचालय की दीवार गिरने से 4 बच्चे उसके नीचे दब गए। यह बच्चे शौचालय के पास ही खेल रहे थे। जब दीवार जीर्ण-शीर्ण थी, तो इसकी मरम्मत पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। यहां निरीक्षण करने वाले जिम्मेदारी अधिकारी एवं कर्मचारी कहां सोते रहे, यह सवाल आम जनता के बीच उठाया जा रहा है। यदि इस हादसे में किसी बच्चे की मौत हो गई होती, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होती। देवयोग से यहां बढ़ी घटना नहीं हुई। बताया गया है कि दीवार गिरने के बाद यहां आनन-फ नन में स्कूल में मौजूद शिक्षकों और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। यह दीवार क्यों गिरी, इस संबन्ध में अधिकारियों की चुप्पी बनी हुई है। डीपीसी सहित जिम्मेदार अधिकारी मीडिया से किनारा करते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि जिले के लिधौरा तहसील के ग्राम पंचायत गोटेट में शनिवार को शासकीय प्राइमरी स्कूल की दीवार गिरने से चार बच्चे घायल हो गए। घटना शनिवार शाम करीब 3ः30 बजे की बताई गई है।



***यह बच्चे बाल-बाल बचे-***

गोटेट गांव निवासी महेंद्र वंशकार ने बताया कि मलिन बस्ती स्थित प्राइमरी स्कूल में बच्चे पढने गए थे। दोपहर में मध्यान भोजन के दौरान चार बच्चे शौचालय के पास बैठे थे। इसी दौरान शौचालय की दीवार गिर गई। घटना में 8 साल की रोशनी वंशकार, 10 साल की प्रिंसी वंशकार, 12 साल की कामिनी वंशकार और 7 वर्षीय राजा वंशकार घायल हो गए। स्कूल में पदस्थ शिक्षक रामनारायण तिवारी ने बताया कि बच्चे बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान शौचालय की दीवार गिरने से बच्चे उसके नीचे दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर बाइक से सभी बच्चों को इलाज के लिए लिधौरा अस्पताल ले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर सतीश राय ने बताया कि बच्चों के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। वहीं घटना की जानकारी लगते ही थाना पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। बच्चों के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।


***कलेक्टर-एसपी पीड़ित परिवार से मिले-***

पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा थाना लिधोरा अंतर्गत स्कूल की दीवार गिर जाने पर तत्काल पहुंचे घटना स्थल पहुंचे। घायलों को इलाज हेतु तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घायलों के परिवारजनों से संवेदना व्यक्त कर उनकी व्यक्तिगत एवं शासन स्तर पर हर संभव मदद दिलाये जाने का उन्होंने अस्वासन दिया। बताया गया है कि दिनांक 30 नवम्बर 24 को थाना लिधोरा अंतर्गत ग्राम नजरपुर गोटेट के शासकीय स्कूल की दीवार गिर जाने घटना में कुछ बच्चे घायल हो गये थे। उक्त घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर टीकमगढ़ अवधेश शर्मा पुलिस बल सहित तत्काल घटना स्थल पर पहुँचे, जहाँ घायल बच्चों को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया तथा घटना स्थल का निरीक्षण कर घायल बच्चों के परिवारजन से मिले और उनको उनके घायल बच्चों के इलाज में कोई कमी न रहने, उनका अच्छे से अच्छा इलाज कराये जाने एवं शासन की ओर से हर संभव मदद दिलाये जाने हेतु अस्वासन दिया गया। जिला अस्पताल में बच्चों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है ।

# नदी से वन माफिया करते मिले रेत का अवैध परिवहन

## अवैध रेत कारोबारियों पर कसा शिकंजा, अफसरों की किए ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। वन विभाग जतारा द्वारा अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों पर शिकंजा कसने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम के चलते अवैध खनन करने वालों में सनसनी फैली हुई है। क्षेत्र में जंगल भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के अलावा रेत माफियाओं के विरूद्ध तूफानी अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रेक्टर मय ट्राली के जप्त किया गया। वनाधिकारियों ने आरोपी चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। बताया गया है कि मुख्य वन संरक्षक वन व्रत छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन अपराधों पर अंकुश एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए वन परक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को आज 01 दिसम्बर 2024 की सुबह मे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की वन परिक्षेत्र जतारा की बीट कछौरा के संरक्षित कक्ष क्रमांक पी 279 में वन माफि याओं के द्वारा एक ट्रैक्टर के माध्यम से वन क्षेत्र में बहने वाली नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन का कार्य किया जा रहा था, जिसके पश्चात सूचना के आधार पर दल का गठन करते हुए मौके से वन अमले को भेजा गया। उन्होंने मौके से जाकर देखा कि वन क्षेत्र से नदी के किनारे से एक सिल्वर रंग का आयशर ट्रेक्टर मय ट्राली के वन क्षेत्र से रेत खोदकर लोड कर रहा है। तत्पश्चात वाहन चालक से पूंछतांछ करने पर उसके बताया गया कि द्वारा बताया गया कि मैं वाहन मालिक और वाहन चालक स्वयं हूं और मेरा नाम खेमराज राजपूत निवासी सेपुरा है। तब उसके द्वारा वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने के कोई भी अभिलेख एवं अनुमति नहीं दिखाई गई, जिसके कारण उक्त वाहन को अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त होने के कारण विधिवत जप्त करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत मौके से जप्ती की कार्यवाही करके वाहन चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 249/09 दिनांक 01 दिसम्बर 2024 पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई शिशुपाल अहिरवार वन परक्षेत्र अधिकारी जतारा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई, जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के रूप में केशरी सिंह घोष डिप्टी रेंजर, ओम प्रकाश रैकवार वनपाल, शिवम पटेल वनरक्षक, प्रमोद अहिरवार, विवेक वंशकार, धीरज सोनी, ललित राय, अमन प्रजापति और विकास बाबू वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।




# नशा मनुष्य के पतन का कारण बनता है, इसका त्याग करें-चंदन शाक्य

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नशा मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है। नशा शरीर और अर्थ को जहां बर्बाद करता है, वहीं समाज में छवि को भी प्रभावित करता है। हमें नशे से बचना चाहिए। व्यसनों का त्याग करने से ही उन्नति संभव है। यह विचार चौकी प्रभारी देरी चंदन शाक्य ने जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने इसके साथ ही सामाजिक बुराईयों का त्याग करने पर भी जोर दिया। बताया गया है कि चौकी देरी थाना खरगापुर अंतर्गत जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा क्षेत्र के लोगों से जन संवाद किया गया। इसके साथ ही हम होंगे कामयाब, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़, एसडीओपी जतारा, थाना प्रभारी खरगापुर उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी देरी उप निरीक्षक चन्दन शाक्य ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जिज्ञासाओं को भी दूर किया और उनके प्रश्नों के जवाब दिए। इस अवसर पर चौकी का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के 60-70 गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के भवन निर्माण में घटिया मटेरियल का किया जा रहा उपयोग

## जिम्मेवार अधिकारीयों द्वारा ठेकेदार को पंहुचाया जा रहा आर्थिक लाभ





ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले मे चल रहे निर्माण कार्यों में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है, इसी का परिणाम है कि स्थानीय निर्माण एजेन्सीयों को मानिटिरिंग की जिम्मेवारी ने देकर प्रदेश स्तरीय निर्माण एजेन्सीयों को मानिटिरिंग की जिम्मेवारी साठ गाठ करके दी जाती है। जिससे संबंधित निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार को आर्थिक लाभ पंहुच सकें तथा संबंधित विभाग के अधिकारीयों को भी मोटा कमीशन मिल सकें। पन्ना जिले मे चल रहें विभिन्न निर्माण कार्यों मे भोपाल स्तर की निर्माण ऐजेन्सीयों द्वारा करोड़ो रूपये के कार्यो की मानिटिरिंग भोपाल मे बैठकर की जा रही है। इसी का परिणाम है कि निर्माण कार्यो मे लगातार व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है तथा अमानक सामग्री का उपयोग करते हुए किसी प्रकार कार्य को पूर्ण कर दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर देवेंद्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कें अतिरिक्त भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जो अत्यन्त ही गुणवत्ताहीन एवं अमानकम मटेरियल से तैयार किया जा रहा है। 55 लाख की लागत से बनने वाले उक्त भवन का कार्य पुलिस हाउसिंग बोर्ड निर्माण एजेन्सी के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें व्याप्क स्तर पर अनिमित्ताए की जा रही है। गौरतलब है कि चल रहें निर्माण कार्य के संबंध में गड़बड़ी की जानकारी विभाग के एसडीओ यादव को लोगो द्वारा दी जा चुकी है, लेकिन हप्तो बीत जाने के बावजूद विभाग के जिम्मेवारी अधिकारी देखने तक नहीं आयें। उक्त मामले के संबंध में स्थानीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा तथा जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है। लेकिन उक्त संबंधितो द्वारा भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञात हो कि जिले में अधिकारीयों तथा जन प्रतिनिधियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा चल रहा है। इसी लिए जिम्मेवार किसी भी विषय में गंभीरता से नही लेते है और न ही गड़बड़ी करने वालो पर कार्यवाही कराते है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स को लेकर तैयारीयां जोरो पर

## छत्रसाल नजर बाग स्टेडियम में होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश शासन खेला युवा कल्याण विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार पूरे प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा हैं। जिसमें अधिकारीयों को जिम्मेवारी सौंपी गई है, पन्ना जिला खेल अधिकारी एवं एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल द्वारा पन्ना जिले में उक्त प्रतियोगिता की तैयारीयों के संबंध मे लगातार ब्लाक स्तरो का भ्रमण कर विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारीयों को दायित्व सौपे गयें है। तथा उन्होने जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता नजर बाग मैदान का निरीक्षण किया। तथा उसे व्यवस्थित बनाने के संबंध मे जायजा लिया एवं विभिन्न विभागो के सहयोग से खेल मैदान को दुरूस्थ कराया जा रहा है। उक्त खेल प्रतियोगिताए ब्लाक, जिला, संभाग तथा प्रदेस स्तर पर आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिताए ब्लाक स्तर पर जिला स्तर पर, संभाग स्तर पर एवं राज्य स्तर पर आयोजित की जायेगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं एवं बारहवीं की छहमाही परीक्षाए आयोजित होने के चलते निर्धारित तिथियों मे होने वाले खेलो को अभी स्थिगित कर दिया गया है। इसके लिए अलग से खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा तिथियों के संबंध में जानकारी प्रकाशित की जायेगी। उक्त प्रतियोगिताओ को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले सकें तथा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। ब्लाक स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की स्पर्धा जिला स्तर पर जिला स्तर पर चयनित संभाग स्तर पर तथा संभाग स्तर पर चयनित प्रदेश स्तर पर कराई जायेगी। जिन खेलो को ब्लाक, जिला तथा संभाग स्तर पर आयोजित किया जाना है उसमें ऐथेलेटिक्स, बालीबाल, बैडमिंटन, बाक्सिंग, क्रिकेट, फुटबाल, हांकी, जुड़ो, कबड्डी, खो खो, मलखंब, तैराकी, बैट लिप्टिंग, कुस्ती, टेबिल टेनिस, योगासन, बालीबाल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिताए कराई जायेगी, तथा छह खेलो को जिसमें ताईक्वांन्डो, फैन्सिंग, रोईंग, क्यांईग, केनोईग, शूटिंग एवं आर्चरी, उक्त छह खेल राज्य स्तर पर आयोजित किये जायेगें। उक्त प्रतियोगिता मे 19 वर्ष तक का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता हैं। इसके लिए आन लाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी दी गई है तथा आफ लाईन जिला खेल अधिकारी कार्यालय से फार्म लेकर भरकर जमा कर सकता हैं। निरीक्षण के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार, खेल युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक राहुल गुर्जर तथा अन्य लोग शामिल रहे।

# सलेहा थाना पुलिस ने एक आरोपी सहित पांच नग भैंसो के साथ पिकअप वाहन किया बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सलेहा थाना प्रभारी सलेहा थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया। जिसमें पांच नग भैंसे लदी हुई थी, संबंधित पिकअप वाहन से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है, जो अवैध रूप से पशु परिवहन कर रहा था, संबंधित के पास कोई भी वैधानिक दस्तावेज नहीं थें। उक्त वाहन मडैयन महराजपुर के पास से पकड़ा गया है। पुलिस ने उक्त वाहन से जिस आरोपी को पकड़ा है उसका नाम जाबिर अली है, जो ग्राम भटिया का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत्त अप.क्र. 313/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

# महाकुंभ मे थाली तथा थैला देंगे स्वंय सेवक संघ के कार्यकर्ता

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आगामी समय में आयोजित महाकुंभ में प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा अभी से कमर कस ली है तथा आम लोगो से सहयोग की अपली करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमे की गई घोषणा के अनुसार महाकुंभ मे शामिल होने के लिए भोजन प्रसाद के लिए प्लास्टिक के बर्तन न देकर स्टील की थालीयां तथा थैला देने का लक्ष्य तैयार किया गया है। जिससे अनावश्यक प्लास्टिक न फैले और न ही पर्यावरण दूषित हो। इस उद्देश्य को लेकर स्टील के बर्तन तथा थैले के रूप में लोगो से सहयोग लिया जा रहा है तथा लोग सहयोग भी कर रहें है। इसी कड़ी में सुयश पान्डेय कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की प्रेरणा से लोगो द्वारा जिला अस्पताल के सामने थाली एवं थैले प्रदान किये गये। इस दौरान डॉक्टर हेमन्त चौरहा, प्रतीक परमार, अभिषेक चौरहा, सौरभ, आशीष यादव हिमांशु दुबे, आदि के द्वारा सामग्री एकत्रित करके जिला पर्यावरण संयोजक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ को भेंट किये गयें।



# ग्राम पंचायत कचोरी मे गंदगी का आलम सड़क न होने से लोगो का निकलना मुश्किल

## स्वच्छता के नाम पर लाखो की राशि हो गई खर्च





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में स्वच्छता ने नाम पर विभिन्न ग्राम पंचायतो पर करोड़ो की राशि खर्च हो चुकी है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों मे गंदगी का आलम फैला हुआ है। इसी प्रकार का मामला शाहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत कचौरी का सामने आया है। जहां पर सड़क गलियों मे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोगो का चलना मुश्किल हो रहा है, ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखो रूपये खर्च कर दिये गये है। लेकिन ग्राम पंचायत क्षेत्र में दूर दूर तक स्वच्छता नजर नहीं आ रही है। ग्राम पंचायत की गलियों मे गंदगी का आलम देखा जा रहा है। जिससे उक्त गंदगी में मच्छर पनप रहे है, तथा लोग मच्छरो के चलते बीमार हो रहें है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के सपने को ग्राम पंचायत कचोरी में पलिता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगाये गये विकास कार्यो तथा स्वच्छता के नाम पर खर्च की गई राशि की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# पन्ना जिले में आवारा पशुओं का जमघट, शासन प्रशासन के आदेश सिर्फ कागजो में, मारे-मारे फिर रहें मवेशी

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में गौ माता की हालत अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। जहां एक ओर सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए लाखों रुपए का बजट आवंटित किया जाता है, वहीं दूसरी ओर आवारा गायें और अन्य पशु सड़क पर घूमते हुए कचरा खाकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं। पर्यटन नगरी के रूप में पहचाने जाने वाले इस जिले में गौशालाओं के बावजूद यह स्थिति बेहद शर्मनाक है, जो शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। हालात यह हैं कि आवारा पशु गांवों, शहरों, स्कूलों और मंदिरों के पास, यहां तक कि प्रमुख चौराहों पर भी घूमते दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ा रहे हैं। कई बार मीडिया में इस मुद्दे को उठाया गया है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उक्त मामले को लेकर प्रदेश सचिव, यादव महासभा, रविंद्र सिंह यादव ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा, ॐहम पन्ना जिले में रोज़ देख रहे हैं कि किस तरह से आवारा पशु सड़कों पर बैठकर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा आवंटित भारी बजट के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि इस समस्या को शीघ्र सुलझाया जाए, अन्यथा यादव महासभा इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी।





# इस अभियान का उद्देश्य लोग जागरुक हों और शहर की सफाई के प्रति लोगों के अंदर यह मैसेज जाए कि हम खुद सफाई रखें-कलेक्टर श्री कोचर

## आज से एक नया प्रोग्राम शुरू होगा

### -स्कूलों में विद्यार्थियों को एजुकेट करने का प्रयास किया जाएगा की सफाई कितनी जरूरी
### -सफाई अभियान पुण्य का कार्य- श्री मिश्रा
### -पुरैना तालाब पहुंचकर सफाई अभियान में शामिल हुए विभिन्न संगठनों के नागरिक

राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 01 दिसंबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज पुरैना तालाब पहुंचकर सफाई अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर नगर के जागरूक लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सफाई अभियान में बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई। सफाई अभियान का 26 वा सप्ताह है।



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज सफाई अभियान और श्रमदान का लगातार 26 वा सप्ताह है, इस अभियान का उद्देश्य यही है कि लोग जागरूक हों और शहर की सफाई के प्रति लोगों के अंदर यह मैसेज जाए कि हम खुद सफाई रखें। उन्होंने नगरवासियों से कहा यह नहीं होना चाहिए कि दूसरे व्यक्ति आकर हमारी जगह पर सफाई करें और उसके बाद अन्य व्यक्ति फिर उसे गंदा कर दें, इस आदत को बदलने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सफाई का हमारा मुख्य उद्देश्य यह है की सफाई को हम मास मूवमेंट बनाना चाहते हैं, उसके लिए एक छोटी सी शुरुआत है, जब हमने देखा कि लगातार यह 25 हफ्ते से चल रहा है, इसमें एक बार भी ब्रेक नहीं हुआ इससे यह समझ में आता है कि लोग चीजों को अपने हाथ में ले ले, तो चीज बदल सकती हैं। हम इस मास मूवमेंट के रूप में आगे बढ़ाने वाले हैं कल 02 दिसंबर से एक नया प्रोग्राम शुरू होगा जिसमें स्कूलों में जाकर के स्कूलों के विद्यार्थियों को एजुकेट करने का प्रयास किया जाएगा, की सफाई कितनी जरूरी है कि कचरे का सेग्रिग्रेशन कैसे किया जाता है। सीएमओ नगर पालिका और उनकी टीम कल से जाना शुरू करेगी छोटी-छोटी टीम बनाएंगे जो अलग-अलग स्कूलों में जाएंगे, कुछ नुक्कड़ नाटक शुरू किए जाएंगे, इस माह से इसको एक नयाद्य मूवमेंट बनाने की तरफ प्रयास किये जाएंगे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा साफ सफाई बनाए रखने के लिए सामाजिक संगठनों के द्वारा प्रति सप्ताह के रविवार को सफाई अभियान चलाया जाता है, यह पुण्य का कार्य है। सभी वार्ड वासी सामाजिक संगठन और शहर के लोग जो जागरुक है और शहर को साफ स्वच्छ देखना चाहते हैं तो इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कलेक्टर, सीईओ, सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सफाई करके संदेश दिया जाता है, कि हम सभी को खुद भी साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। हमको सुधारना पड़ेगा, हम यदि साफ सफाई का ध्यान रखेंगे तो यह कचरा भी नहीं फैलेगा। इस कार्य में प्रत्येक सप्ताह को हमारे युवा सामाजिक संगठन सम्मिलित होकर अपने शहर को साफ सुथरा रखें ताकि जब देश में सफाई की गणना में हमारे शहर का नाम ऊपर आए।

एनएनएस जिला संगठन दमोह से डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी ने कहा आज पुरैना तालाब में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में यह निरंतर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा है कि स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले, जल स्त्रोतों और जहां गंदगी का अंबार लगा रहता है, उन्हें स्वच्छ करके अपने देश के सशक्त नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। एमएसडब्ल्यू की छात्रा ने बताया पुराना तालाब में सभी सामाजिक संगठन के लोग मिलकर सफाई कर रहे हैं, सभी से यह आग्रह है कि अपने घर के आसपास और मोहल्ले में सफाई करें और सफाई के साप्ताहिक अभियान में हमारा सहयोग करें। नैना तिवारी ने कहा यह सफाई अभियान का 26 वाँ सप्ताह है, आज सभी ने मिलकर पुरैना तालाब में सफाई की है सभी से आग्रह है कि यहां पर सफाई बनाकर रखें।

## कलेक्टर श्री कोचर ने सिग्रामपुर के ग्राम चोरई पहुंचकर बड़ादेव मंदिर, धर्मशाला, मंगल भवन, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया

**-किसान छोटे सींग के खेत का निरीक्षण किया दिए आवश्यक निर्देश**

**-कलेक्टर ने ग्राम में पहुँचकर चौपाल के पूर्व किया भ्रमण**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 01 दिसंबर। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा जिले में रात्रि चौपाल का कार्यक्रम गांव में शुरू किया गया है, इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर ने दूरस्थ वनांचल ग्राम मडियादो के ग्राम घोघरा में चौपाल लगाई थी, आज सिग्रामपुर के वनांचल ग्राम चौरई पहुंचकर पर्यटन विकास केंद्र, मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप एक करोड़ 16 लाख की लागत से बन रहे बड़ा देव मंदिर, धर्मशाला और मंगल भवन, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला, उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा आंगनबाड़ी केंद्र के साथ किसान छोटे सींग ने अपने ढाई एकड़ के खेत में चने की नई वैरायटी की फसल लगाई है का जायजा लिया। ज्ञात हो कलेक्टर श्री कोचर ने चौपाल के पूर्व ग्राम का भ्रमण किया।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र में कुछ कमियां पाई गई सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय नवीनशाला भवन का जायजा लेते हुए शाला भवन की छत को ठीक करने के निर्देश दिए। स्कूल की छत का कुछ प्लास्टर निकला हुआ है जिसे जन सहयोग या किसी और मद से कराने की बात की कही । किसान छोटे सिंह जिसकी खेती लगभग ढाई एकड़ में नई वैरायटी के चने की फसल का अवलोकन क्या। अवलोकन के दौरान खेत में उगटा रोग लगा हुआ है, जिस पर कलेक्टर ने किसान से कहा कल कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और अधिकारियों की टीम यहां आएंगे फसल को देखकर उसका पूर्ण उपचार किस तरह किया जाए बताएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कृषि वैज्ञानिक डॉ अहिरवार को दूरभाष पर चर्चा कर कल मौका निरीक्षण करने को कहा।

इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर ने पर्यटन विकास विभाग के द्वारा नवनिर्मित बड़ा देव मंदिर तथा धर्मशाला और मंगल भवन का अवलोकन किया जिसकी मुख्यमंत्री डॉ यादव मोहन यादव जी ने घोषणा की थी जिसकी लागत 1 करोड़ 16 लाख रुपए है, निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया, समय सीमा में काम पूरा किया जाए। उन्होंने कहा अगले साल मार्च अप्रैल लगभग 6 महीने में बारिश के पूर्व किसी भी स्थिति में कार्य पूरा के लिया जाए। इस अवसर पर भ्रमण के दौरान एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास, सीइओ जनपद पंचायत डॉ रामेश्वर पटेल, सीबी एमओ डॉ डी के राय, सब इंस्पेक्टर आलोक तिरपुडे सहित अन्य सबन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर श्री कोचर वनांचल ग्राम चौरई में चौपाल लगाकर सुन रहे ग्रामीणों की समस्याएं

### मौके पर संबंधित अधिकारियों को दे रहे समय सीमा में निराकरण के निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 01 दिसंबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज शाम जबेरा तहसील के दूरस्थ वनांचल ग्राम चौरई पहुंचे। यहां पर बरगद के पेड़ तले चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्या सुन रहे हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से



सर्वप्रथम अपना परिचय देते हुए फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी विस्तार से देते हुए आईडी बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा यहां शिविर लगाया जाएगा। ई-केवाईसी के संबंध में कहा करवाए। कलेक्टर श्री कोचर एक-एक आवेदको की बातें सुन रहे हैं। ग्राम के कुछ किसानों ने वन भूमि का पट्टा मिलने की बात बताते हुए कहा ऑनलाइन नहीं होने से लाभ नहीं मिल पा रहा है, तत्काल ही डीएफओ दमोह से चर्चा की औरआवश्यक कार्यवाही त्वरित करने के लिए संबंधितों से कहा ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस आयोजित जन चौपाल में सर्वप्रथम मौजूद महिलाओं की समस्ययाए सुनी गई और उनका निराकरण कराया गया।

इस मौके पर कलेक्टर ओर जनप्रतिनिधियों ने आयुष्मान कार्ड तथा गेहूं बीज का वितरण किया। चौपाल कार्यक्रम में एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास, रूपेश सेन, सीईओ जनपद डॉ रामेश्वर पटेल, सीबीएमओ डॉ डी के राय,सीडीपीओ रिंकल घनघोरिया, पीएचई के कार्यपालन यंत्री गंगा सिंह रावत, सब इंस्पेक्टर आलोक तिरपुडे सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा ग्रामीण जन मौजूद थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल के संबंध में पीएचई और जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। यहां आए दो आवेदकों के आधार कार्ड की तकनीकी परेशानी के लिए कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित दो आवेदकों को जनसुनवाई में आने की बात कही, कहा वहां निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। वनांचल ग्राम अमझर, महगवां ओर ताला ग्राम में बिजली कनेक्शन नहीं होने की बात आने पर कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

चौपाल में छात्राओं द्वारा नवमी एवं दसवीं कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल के हाल खराब!

## बंदर और आवारा कुत्तों से मरीज और तीमारदार परेशान

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिला अस्पताल प्रशासन की अनदेखी से वार्डों में कुत्ते, बंदर घुसकर केवल आराम ही नहीं फरमा रहे हैं, बल्कि मरीजों का खाना भी ले जा रहे हैं। वार्डों में भर्ती छोटे बच्चों के लिए यह खतरा बने हैं। वार्डों से मरीजों का टेबल से खाना ले जाते कुत्ते का वीडियो वायरल हो रहा है।

जिला अस्पताल का इमरजेंसी एवं सर्जिकल वार्ड का प्रवेश द्वार खुला रहने के कारण कुत्ते और बंदर घुस जाते हैं। वार्ड के पीछे के गेट से भी जानवर घुस आते हैं। कुत्ते बच्चा वार्ड, पुरुष और महिला वार्ड में बेड के बराबर रखी टेबल से मरीजों का खाना, फल और उनकी पॉलिथीन एवं कैरी बैग में रखा सामान भी ले जाते हैं। वार्डों में जानवरों से सुरक्षा के इंतजाम न होने के कारण अक्सर कुत्ते मुंह में सामान दबाकर बच्चा वार्ड में घूमते नजर आते हैं।

वार्ड के गेट पर बंदर बने रहते हैं, जिससे मरीजों के लिए खाने और पीने का सामान लेकर वार्ड में आने वाले तीमारदारों से सामान उनके हाथों से छीनकर ले जाते हैं। इतना ही नहीं पॉलिथीन में तीमारदारों द्वारा दवाएं लाने पर खाने की चीज समझकर बंदर छीनकर ले जाते हैं।

बच्चा वार्ड में कुत्ते और बंदरों के डर के कारण लोग अपने बच्चों को बेड पर छोड़कर एक पल के लिए भी सामान लेने या पानी एवं अन्य जरूरत का सामान लेने बाहर नहीं जा सकते। इससे छोटे बच्चों को जान का भी खतरा बना है। वार्डों में तैनात स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर लंबे समय से जानवरों के उत्पात की अनदेखी कर रहे हैं। हाल ही का वार्ड से मरीज की टेबल से कुत्ते द्वारा खाना ले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है।

भला आप ही बताइए क्या अब जिला अस्पताल मै कार्यरत डॉक्टर मरीजों के इलाज के साथ कुत्ते बंदरो को भगाने का काम भी करें ये कार्य तो मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार भी अपने अपने सामान की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी निभा सकते है एक एक मरीज के साथ दिन भर कई कई तीमारदार मौजूद रहते है। इस वीडियो के वायरल करने से जिला अस्पताल की छवि को धूमिल करने की साजिश मात्र लगता है फिर भी,वार्डों में कुत्ते व बंदरों के न आने देने के लिए कर्मचारियों, पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं। उनके संज्ञान में अभी वायरल वीडियो नहीं आया है। यदि वार्ड में मरीजों का खाना कुत्ते ले जा रहे हैं तो जिम्मेदार कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

*-डॉ. मुकुंद बंसल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल*

# खाद की कालाबाजारी में लिप्त होने पर पांच आरोपियों पर दर्ज की गई एफ आई आर

### -कालाबाजारी के असली किरदार अभी भी प्रशासनिक पकड़ से कोसों दूर

### -खाद गोदाम पर प्रतिदिन लग रहा जाम ब्लैक से खाद लेने को मजबूर हो रहे किसान

राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिले में खाद वितरण की व्यवस्था को लेकर पिछले लगभग 15 दिनों से किसानों के द्वारा प्रतिदिन खाद गोदाम के सामने सड़क पर जाम लगाया जा रहा है तथा खाद गोदाम पर कार्यरत कर्मचारीयो कि अधिकारियों से सांठ गांठ के चलते खाद की कालाबाजारी किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा लगातार खाद् वितरण की समुचित व्यवस्था बनाई जा रही है उसके बावजूद भी किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं तथा खाद की कालाबाजारी भी निरंतर जारी है। बीते रोज भी खाद गोदाम पर खाद न मिल पाने के चलते किसानों ने सड़क पर जाम लगाया था जिसके बाद कलेक्टर अपने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे थे तथा कलेक्टर के द्वारा दी गई समझाइस एवं कलेक्टर से मिले आश्वासन के बाद ही किसानों ने जाम खोला था। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के द्वारा बीते रोज खाद की कालाबाजारी में लिप्त पाए जाने पर पांच आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने के दिए गए निर्देश के बाद डबल लॉक गोदाम प्रभारी पृथ्वीपुर बीडी अहिरवार नोडल अधिकारी मार्कफेड पृथ्वीपुर अखिलेश गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर देवेंद्र दांगी सुरक्षा गार्ड अशोक कुशवाहा निजी विक्रेता पृथ्वीपुर सचिन जैन के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 भारतीय न्याय संहिता 316, 318 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 5 के तहत एफआईआर दर्ज की गई लेकिन खाद की कालाबाजारी के असली किरदार अभी भी प्रशासनिक शिकंजे से कोसों दूर बताए जा रहे हैं जिन पर प्रशासन द्वारा किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। पिछले कई दिनों से खाद गोदाम पर खाद के लिए चक्कर लगा रहे किसानों ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देश के बाद पांच आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है लेकिन खाद की कालाबाजारी कर रहे असली किरदार अभी भी प्रशासनिक शिकंजे से दूर हैं और आज जब सोमवार को फिर से खाद्य वितरण होगा तो एक बार फिर किसानों की लंबी-लंबी लाइन लगेगी और खाद की कालाबाजारी के असली किरदारों के प्रशासनिक शिकंजे से दूर रहने के चलते एक बार फिर खाद की कालाबाजारी उसी तरह से की जाएगी जिस तरह से पिछले लगभग 20 दिनों से की जा रही है और हम सभी किसान इसी तरह खाद के लिए परेशान होते रहेंगे तथा ब्लैक से खाद खरीदने को मजबूर होंगे।

# श्रीराम जानकी विवाहोत्सव की सभी रस्मों के साथ चल रही है भव्य तैयारी

### शनिवार को भगवान श्रीराम को चढ़ाया गया टीका, फलदान लेकर भक्त नाचते-गाते हुए रामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/श्रीराम जानकी विवाहोत्सव की सभी रस्मों के साथ चल रही है भव्य तैयारी। शनिवार को भगवान श्रीराम को चढ़ाया गया टीका, फलदान लेकर भक्त नाचते-गाते हुए रामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे।गौरतलब है कि हर साल की तरह इस साल भी खिरिया वार्ड में स्थित श्री रामनाम सिद्ध पीठ में भगवान श्रीराम और जानकी का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार की रात भगवान श्रीराम को टीका चढ़ाया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से नृत्य करते हुए कलाकार और भक्त चल रहे थे। भगवान श्रीराम और जानकी का विवाहोत्सव के पहले गोद भराई, लगुन सहित अन्य रश्में पूरी हो चुकी हैं। हर रस्मों को धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को भगवान को टीका चढ़ाया गया। मां जानकी की ओर से नवीन भिलवारे सहित अन्य भक्त तिलक का सामान लेकर श्री रामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया।



*छह दिसंबर को निकलेगी। भव्य महाबारात*

हरियाणा से आए रास मंडल ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ आई थी। मंदिर में श्री रामनाम महाराज ने सभी रस्में पूरी कराई। भगवान को टीका चढ़ाने की रस्म की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और शाम को प्रसाद वितरित किया गया। छह दिसंबर को मंदिर से भगगवान श्रीराम की भव्य महाबारात निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। साथ ही नरसिंह मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मथुरा में आरएसएस की बैठक, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हुआ मंथन

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा के गोवर्धन रोड स्थित रतनलाल फूल कटोरी विद्यालय में आरएसएस द्वारा एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की जा रही है,इस बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गंभीर चर्चा की जा रही है।



बैठक में आरएसएस के पदाधिकारियों के साथ-साथ भाजपा के नेता और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं. इस बैठक में बांग्लादेश में इस्कॉन के चिन्मय दास और अन्य हिंदुओं पर हो रही घटनाओं पर चर्चा हो रही है,बैठक का उद्देश्य भारत सरकार से इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करना है।

# भाजपा नेता स्व.महेन्द्र शर्मा की स्मृति में सरकार कप का हुआ शुभारंभ

### उदघाटन मैच कौशाम्बी एवं झांसी की टीमों के बीच खेला गया

छतरपुर। जिले में अक्सर खेल से जुड़े अनूठे आयोजन होते रहते हैं, उसी क्रम में शहर के शताब्दी हॉल में युवा समाजसेवी विक्की यादव द्वारा दिवंगत भाजपा नेता स्व. महेन्द्र शर्मा की स्मृति में सरकार कप का आयोजन किया जा रहा है। सरकार कप का यह दूसरा सीजन है, पिछले वर्ष भी विक्की यादव ने यह आयोजन किया था लेकिन तब यह आयोजन जिला स्तरीय था, इस वर्ष उन्होंने अंतर्राज्जीय स्तर का आयोजन किया है, जिसमें छतरपुर जिले के अलावा अन्य राज्यों की करीब आधा सैकड़ा टीमें भाग ले रही हैं। रविवार को शताब्दी हॉल में दिवंगत भाजपा नेता स्व. महेन्द्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शिखा शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबीराजा और भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह यादव मोनू ने स्वर्गीय शर्मा की पुत्री से रिबिन कटवाकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। आयोजक विक्की यादव ने बताया कि इस वर्ष के टूर्नामेंट में छतरपुर जिले की 32 टीमों के अलावा अन्य राज्यों की 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच उत्तरप्रदेश के कौशाम्बी और झांसी की टीम के बीच खेला गया। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन सिर्फ एक मुकाबला खेला गया है, अन्य दिनों में प्रतिदिन एक से अधिक मुकाबले होंगे। विक्की ने बताया कि टूर्नामेंट 15 दिसंबर तक चलेगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1 लाख तथा उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए का नगद पुरुस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर और मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए टीवी, वॉशिंग मशीन जैसे अलग-अलग उपहार तय किए गए हैं। विक्की यादव ने बताया कि बाहर से आई टीमों के खिलाड़ियों के रुकने और भोजन आदि की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई है। उन्होंने जिले के खेलप्रेमियों से आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों और आयोजन समिति का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।



# एक और मरीज को मिला पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ

छतरपुर। पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा आयुष्मान कार्डधारी मरीज के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे मरीज को अति आकस्मिक स्थिति में और बेहतर उपचार के लिए रैफर होने में तत्काल मदद मिलती है और कम समय में मरीज को एयर एंबुलेंस के माध्यम से रैफर किया जाता है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन और अनुमति पर जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती पुष्पराज सिंह पिता राम नारायन उम्र 56 साल निवासी ग्राम झिझन ब्लाक नौगाव को एयर एंबुलेंस से भेजकर भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया। डॉ. आशीष शुक्ला द्वारा जिला अस्पताल में संबंधित मरीज को देखा गया था। इस दौरान मरीज की तबीयत बिगड़ रही थी लेकिन वाईटल स्टैबल थे। मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में सी.एम.एच.ओ डॉ. आर.पी.गुप्ता से चर्चा की गई एवं मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रैफर करने का निर्णय लिया गया। मरीज आयुष्मान कार्ड धारी होने के कारण एम्स हास्पिटल भोपाल में उपचार के लिए सर्जन विशेषज्ञ द्वारा रिफर किया गया। मरीज के परिजनों ने इस योजना के लिए सरकार का आभार जताया है।



# पांच दिवसीय शंखनाद राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का हुआ समापन

## नट बुंदेले भोपाल के कलाकारों ने महोत्सव को बनाया यादगार




छतरपुर। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से भारत उदय सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान छतरपुर द्वारा पांच दिवसीय शंखनाद राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का सफल समापन हो गया। नट बुंदेले भोपाल की तीस कलाकारों की टीम ने आखिरी दिन मंच पर ऐसा जलवा बिखेरा कि यह महोत्सव यादगार हो गया। 38 वर्षो से नाटक में चंदा बेड़नी का किरदार निभा रहीं वरिष्ठ अदाकारा रंजना तिवारी ने मंच पर कभी यह झलकने नहीं दिया कि उम्र उन पर हावी हो रही है।शुरू से लेकर अंत तक नाटक के कलाकार पूरी ऊर्जा से कहानी को आगे बढ़ाते रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। समापन दिवस पर भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह, एडीपीओ केके गौतम, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, हम फाउंडेशन के कमल अग्रवाल, प्रो.सुमति प्रकाश जैन और सिंधी समाज के अध्यक्ष श्याम आडवाणी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने कहा कि छतरपुर में रंगमंच को नए आयाम देने का जो कार्य शिवेन्द्र शुक्ला और उनकी टीम कर रही है, वह सम्मान की पात्र है। लालचंद लालवानी ने कहा कि एक समय ऐसा था जब नाटक के लिए दर्शक कम पड़ते थे लेकिन लगातार और उत्कृष्ट नाटकों के प्रदर्शन से अब सीट कम पड़ रहीं हैं, इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। समाजसेवी कमल अग्रवाल ने कहा कि बेड़नी नाम सुनकर एक अलग छवि दिखाई देती है लेकिन इस नाटक ने उस भ्रम को तोड़ दिया ।कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके नाटक और हर किरदार में जान डाल दी।

***यह थी नाटक की कहानी***

एक ब्राह्मण युवक लखन को बेड़नी समुदाय की लड़की चंदा से प्यार हो जाता है। चंदा पहले इसे एक मजाक के रूप में लेती है और ब्राह्मण युवक के लिए ऐसी शर्तें निर्धारित करती है जिन्हें पूरा करना असंभव है, क्योंकि इसका अर्थ होगा संपूर्ण ब्राह्मण समाज की परंपराओं का खंडन। लेकिन लखन को सारी शर्तें मंजूर हैं। चंदा, लखन की ईमानदारी और समर्पण भाव और भोलेपन से प्रभावित हो जाती है, और अंततः उसके प्यार में पड़ जाती है लेकिन इससे दोनों समुदायों में संकट सुनिश्चित हो जाता है। ब्राह्मण समाज और लखन के पिता राजा से समस्या का समाधान करने की अपील करता है। राजा, जो खुद चंदा से प्यार करता है, ईर्ष्यालु हो जाता है और हस्तक्षेप करने का फैसला करता है। उतनी ही ईर्ष्यालु रानी भी चंदा से है क्योंकि वो जानती है राजा चंदा से प्रेम करता है। रानी कूटनीति में निपुण कुटना के साथ मिलकर षडयंत्र रचती है जिसमे राजा के नवजात पुत्र की जान की सलामती के लिए चंदा द्वारा आकाश में तनी रस्सी पर चंदा का नाच तय होता है और जब चंदा जीतने की कगार पर होती है, तो रस्सी काटने के लिए मोची की मदद ली जाती है, जैसा कि किवदंती है। किवदंती के विपरीत मोची भी षडयंत्र का शिकार बन जाता है। और इस तरह क्रूर, धूर्त और लापरवाह राजनीतिक व्यवस्था अपने स्वार्थी, क्षुद्र कारणों से आम जन की मासूमियत और विश्वास को कुचल देती है। नाटक में रंजना तिवारी के साथ संजय गर्ग, राजेश गोस्वामी, अरविंद बिलगैयां, सुरेन्द्र वानखेड़े, अंशपायन सिन्हा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संगीत पं.ओमप्रकाश चौरसिया का तथा नृत्य निर्देशन पद्मश्री पं.रामसहाय पांडे का था।लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन वरिष्ठ रंग निदेशक अलखनंदन का था।

***समापन पर हुआ कलाकारों एवं टीम का सम्मान***

पांच दिवसीय शंखनाद राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के समापन पर मंच से सभी कलाकारों का सम्मान किया गया तो वहीं इस आयोजन में स्टेज के पीछे रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर्वेश खरे, अभिदीप सुहाने, राजेश कुशवाहा, निशांत वाल्मीकि, प्रद्युम्न राठौर, रिया सेन और राशि सिंह को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालन की पांचों दिन की जिम्मेदारी नीरज खरे द्वारा निभाई गई, जिसमें लिए उन्हें भी मंच से सम्मानित किया गया।

# लुधियाना से लापता हुयी दो सगी नाबालिग बहनें एक युवक के साथ छतरपुर में मिली

छतरपुर। कुछ समय पहले पंजाब के लुधियाना जिले से लापता हुई दो सगी नाबालिग बहनों को पंजाब पुलिस ने छतरपुर से दस्तयाब करने की कार्रवाई की है। पंजाब पुलिस द्वारा छतरपुर के सिविल लाइन थाना पुलिस की मदद से दोनों लड़कियों को छतरपुर की दुर्गा कॉलोनी से दस्तयाब किया है। इसके साथ ही पुलिस ने लड़कियों को साथ लेकर आने वाले एक नाबालिग लड़के को भी गिरफ्तार किया है।



लुधियाना जिले के जोधेवाल थाना से लड़कियों की तलाश में छतरपुर आए एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि दो नाबालिग लड़के लुधियाना के लाहौर रोड पर स्थित हौजरी फैक्ट्री में काम करते थे, जो इसी इलाके में रहने वाली दो सगी नाबालिग बहनों को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गए थे। लड़कियों की मां द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से जोधेवाल पुलिस लापता लड़कियों और उन्हें साथ ले जाने वाले लड़कों की तलाश कर रही थी। चूंकि दोनों लड़के बार-बार सिम बदलकर गलत पते का इस्तेमाल कर रहे थे जिस कारण से पुलिस उन तक पहुंच नहीं पा रही थी। साईबर सेल की टीम द्वारा हासिल की गई लोकेशन के आधार पर जब पंजाब पुलिस ने छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस की मदद से दुर्गा कॉलोनी में दबिश दी तो यहां पुलिस को दोनों लड़कियां और एक नाबालिग लड़का मिल गया। छतरपुर न्यायालय में पेश करने के बाद पंजाब पुलिस तीनों को लुधियाना लेकर जा रही है। जसपाल सिंह ने बताया कि एक नाबालिग लड़का अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए लड़के ने बताया है कि वह उसका मौसेरा भाई है। दोनों लड़के छतरपुर जिले के रहने वाले हैं या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

# पन्हेंटी घटना के प्रभावित 3 लोगों को 20-20 हजार एवं 19 को 15-15 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

## पेयजल की व्यवस्था के लिए तत्काल कराया बोर खनन कार्य

भोपाल। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा विगत दिवस बमोरी विधानसभा के ग्राम पन्हेंटी में बंजारा बस्ती में हुए आगजनी का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान मंत्री श्री राजपूत द्वारा आर्थिक सहायता राशि प्रभावितों को प्रदाय करने एवं पेयजल की व्यवस्था के संबंध में बोर खनन कार्य के निर्देश कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह को दिये गये थे। जारी निर्देशों के क्रम में गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा घटना के प्रभावित 3 लोगों को 20-20 हजार एवं 19 लोगों को 15-15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस सोसायटी से स्वीकृत करायी गयी है। इसके साथ ही बंजारा समाज की महिलाओं की पेयजल एवं बोर खनन की मांग पर उक्त स्थान पर बोर खनन कार्य भी करा दिया गया है।

# कपड़ा दुकान में खरीददारी कर रही महिला के पर्स से महिला चोरों ने चुरा लिया तीन तोला बजनी सोने का हार

बड़ामलहरा। नगर के बस स्टैंड पर एक कपड़ा दुकान में खरीददारी कर रही एक महिला के पर्स से करीब आधा दर्जन महिला चोरों के गिरोह ने तीन तोला वजनी सोने का हार चुरा लिया। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी खंगाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह की महिलाओं की तलाश में जुट गई है।

बमनौरा कला निवासी अजय सिंह तोमर ने बताया कि 28 नवंबर की दोपहर में वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में जा रहा था। बड़ामलहरा बस स्टैंड स्थित कपड़ा दुकान से जब उसकी पत्नी, बच्चों के लिए कपड़े खरीद रही थी तभी वहां आधा दर्जन महिलाएं आईं और पत्नी के आसपास बैठ गईं। कुछ समय बाद महिलाएं उसकी पत्नी के पर्स में रखा तीन तोला वजनी सोने का हार लेकर रफूचक्कर हो गईं। उनके जाने के बाद पत्नी को चोरी का पता चला, जिसके बाद उसने बड़ामलहरा थाना में शिकायत की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एक अनाज व्यापारी के बैग से भी 45 हजार रुपये महिला चोर गिरोह द्वारा पार किए गए थे लेकिन पुलिस अभी तक महिला चोर गिरोह को नहीं पकड़ सकी है।




# प्रेमिका को मौत के घाट उतारने वाला युवक जेल पहुंचा



छतरपुर। दो दिन पहले शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सटई रोड पर एक युवक ने अपनी प्रेमिका को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि गत 29 नवंबर को सटई रोड के एक मकान में सचिन पुत्र रणवीर यादव उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 1 कस्बा हरपालपुर ने अपनी प्रेमिका को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम ने उसे पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के महोबा जिले से गिरफ्तार किया और रविवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

संपादक मंडल
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321